हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 25 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 27.3 डिग्री

न्यूनतम 10.2 डिग्री


11 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया...





12 डीसी ने नागरिक अस्पताल का किया औचक...




खबर संक्षेप

### आजाद प्रत्याशी को कारण बताओ नोटिस

**अंबाला।** कैंट नगर परिषद के वार्ड 25 के आजाद प्रत्याशी आशीष पासी द्वारा धार्मिक स्थल खेड़े में वोट मांगने का वीडियो वायरल हुआ है। एसडीएम अंबाला कैंट की तरफ से सोमवार को कारण बताओ नोटिस थमा दिया गया है। 24 घंटे के भीतर जवाब तलब किया है। दरअसल, चुनाव के नजदीक आते हुए प्रत्याशियों द्वारा प्रचार प्रसार पर जोर दिया जा रहा है। मतदाताओं की रिझाने के लिए डोर टू डोर के साथ- साथ बैठकें कर रहे हैं। एसडीएम ने जारी नोटिस में पासी को जल्द जवाब देने के आदेश दिए हैं।

### युवक ने शादी का झांसा देकर युवती को किया अगवा

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से युवक शादी का झांसा देकर युवती को अगवा करके ले गया। युवती यहां पर अपनी बहन के पास रहती थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बिलासपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय साली उसके पास उनके घर पर रहती थी। 21 फरवरी को उसकी साली किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला।

### बाइक सवार युवक ने महिला से छीना बैग

**यमुनानगर।** शहर के वर्कशॉप रोड पर देर शाम बाजार से घर जा रही महिला से बाइक सवार युवक ने कैरी बैग छीन लिया। कैरी बैग में नौ सौ रुपये, मोबाइल व अन्य सामान था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामले की जांच अज्ञात युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चौधरी कॉलोनी निवासी मोनिका ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रविवार शाम बाजार में किसी काम से आई थी।

### हुक्का बार पर प्रतिबंध उल्लंघन पर कार्रवाई

**करनाल।** मंडल आयुक्त राजीव रतन ने शहरी क्षेत्र में संचालित हुक्का बार पर तत्काल प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के गृह विभाग की अधिसूचना के अनुसार सार्वजनिक स्थानों पर हुक्का पीने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसी कड़ी में जिला के शहरी क्षेत्रों में हुक्का बार पर व्यापक प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमित निरीक्षण, उल्लंघन के लिए दंड का सख्त प्रवर्तन और हुक्का धूम्रपान के खतरों के बारे में शिक्षित करने के लिए अभियान शामिल किए गए।

# माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान विद्यार्थी का नैतिक कर्तव्य : आचार्य देवव्रत

## *गुरुकुल के छात्रों को आचार्य देवव्रत ने दिए जीवनोपयोगी सूत्र, ईमानदारी से कड़े परिश्रम के लिए किया प्रेरित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया।

गुरुकुल कुरुक्षेत्र में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत का छात्रों के मध्य ओजस्वी व्याख्यान हुआ जिसमें आचार्यश्री ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता हेतु पूरी ईमानदारी से परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्रों द्वारा आचार्यश्री को स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर गुरुकुल के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार, प्राचार्य सूबे प्रताप सहित सभी अध्यापक एवं संरक्षकगण मौजूद रहे। मंच का सफल संचालन मुख्य संरक्षक संजीव आर्य द्वारा किया गया।

**सम्मान**




कुरुक्षेत्र। छात्रों को सम्मानित करते गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटोः हरिभूमि

**बच्चों को संस्कारवान बनाया जा रहा**

आचार्यश्री ने कहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों से यह अपेक्षा होती है कि वे बुढ़ापे में उनकी सेवा करे, समाज में उनका मान सम्मान बढ़ाए। इसी आशा के साथ अभिभावक अपने बच्चों को गुरुकुलों में भेजते हैं, जहां बच्चों को सही मायने में संस्कारवान बनाया जा रहा है। विद्यार्थियों का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वे अपने माता-पिता और गुरुओं का हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि 9वीं से 12वीं कक्षा के दौरान छात्रों में शारीरिक बदलाव आते हैं, इस दौर में बच्चे दिमाग से कम और दिल से ज्यादा निर्णय लेते है जो कई बार उनके भविष्य के लिए सही साबित नहीं होते। विद्यार्थियों को हमेशा विनम्र होना चाहिए क्योंकि विनम्रता से ही विद्या आती है। उन्होंने कहा कि कुछ बच्चे दुनिया की चकाचौंध से भ्रमित होकर अपने जीवन के लक्ष्य से भटक जाते है।

**गुरुकुलीय शिक्षा भटकाव से रोकती है**

गुरुकुलीय शिक्षा पद्धति इसी भटकाव से छात्रों को रोकती है, गुरुकुल के संस्कार ब्रह्मचारी को गलत आदतें, गलत संगत से बचाकर एक सभ्य नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं जिससे वो देश, समाज की उन्नति में सहायक बने। आचार्यश्री ने कहा कि विद्या, ताकत और धन यही सही हाथों में हो तो उसका सदुपयोग होगा और यदि ये तीनों गलत हाथों में चले जाएं तो विनाश का कारण बनते हैं। रावण, कंस, दुर्योधन सहित ओसामा बिन लादेन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इन लोगों के पास भी ज्ञान था मगर उन्होंने अपने ज्ञान का उपयोग अपने स्वार्थ हेतु दूसरों को नुकसान पहुंचाने में किया, इसके विपरीत श्रीकृष्ण, श्रीराम चन्द्र आदि महापुरुष हुए जिन्होंने अपने ज्ञान से समाज का कल्याण किया। आज दुनिया श्रीकृष्ण और श्रीराम को श्रद्धा से स्मरण करती है जबकि रावण, कंस, दुर्योधन आदि का नाम भी कोई सम्मान से नहीं लेता। इसलिए जीवन में उन्नति के लिए हमेशा बड़ो का सम्मान करो, पुस्तकों से प्रेम करो और समय के एक-एक क्षण का सदुपयोग अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में करो।

## यमुनानगरः एजेंट ने बेटे को थाइलैंड भेजने की बजाए भेज दिया लाओस

# पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से परेशान दंपत्ति ने पेट्रोल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

- लोगों ने दंपति को आत्मदाह करने से रोका
- वहां पर लड़के को किडनैप कर मांगी रंगदारी
- बेटा घर वापस आया तो आरोपियों के खिलाफ पुलिस में दी शिकायत, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। सचिवालय के सामने आपबीती सुनाता व्यक्ति। फोटो: हरिभूमि

जिला सचिवालय के सामने सोमवार सुबह दंपत्ति ने खुद पर पेट्रोल छिड़कर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मगर लोगों ने दंपत्ति को ऐसा करने से रोका। पीड़ति दंपत्ति पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई न किए जाने से परेशान था। पुलिस अधीक्षक को शिकायत देने के बाद भी उसकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई। बताया जा रहा है कि दंपत्ति ने ऐजेंट के माध्यम से अपने लड़के को थाईलैंड भेजा था। मगर ऐजेंटों ने उसके लड़के को थाईलैंड न भेजकर लाउस भेज दिया। जहां पर उसके लड़के को कुछ लोगों द्वारा अपहरण कर लिया गया। छोड़ने के नाम पर पैसे की डिमांड की गई। बेटे को बचाने के लिए दंपत्ति ने किडनेपरों को दो बार पैसे भेजे। जिसके बाद उसके लडके को छोड़ा गया। जब लड़का घर लौटा तो उसने आरोपी एजेंट के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। मगर पुलिस द्वारा मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गांव प्रतासगढ़ निवासी कर्मवीर व उसकी पत्नी रेखा ने बताया कि उन्होंने अपने 21 वर्षीय बेटे प्रीत को कुछ माह पहले तीन एजेंट के जरिये थाईलैंड भेजा था। लेकिन उन एजेंटों ने उसके लड़के को थाईलैंड न भेजकर उसे लाउस भेज दिया। जहां पर उसका कुछ अपराधिक किस्म के लोगों द्वारा उसके लड़के का अपहरण कर लिया गया और उसे टॉर्चर किया गया। आरोपी किडनेपरों ने उसके लड़के को छोड़ने के लिए पैसों की डिमांड की। जिस पर उसने आरोपियों द्वारा दिए गए अकाउंट में 50 हजार रुपये भेज दिए। मगर आरोपियों ने फिर से उसके बेटे का वीडियो बनाकर भेजा। उसने फिर से आरोपियों के अकाउंट में 65 हजार रुपये जमा करवाए।

बाद में आरोपियों ने उसके बेटे को रिहा कर दिया। जब उसका लड़का भारत लौटने के बाद घर आया तो उसने इसकी शिकायत यमुनानगर सदर पुलिस थाना में दी। लेकिन पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे परेशान होकर उसने तीन दिन पहले पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी थी। लेकिन पुलिस अधीक्षक द्वारा भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्रवाई न किए जाने से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस दंपत्ति को अपने साथ पुलिस थाने लेकर गई।

## निकाय चुनाव खत्म होते ही डोमेस्टिक एयरपोर्ट से शुरू होंगी हवाई सेवाएं: विज

- हाल ही में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के विकास के लिए 25 करोड़ रुपये की मंजूरी भी मिली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी में तैयार डोमेस्टिक एयरपोर्ट से अब हवाई सेवाएं शुरू होने का इंतजार खत्म होने जा रहा है। निकाय चुनाव खत्म होते ही इस एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरी जाएगी। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि उन्होंने अंबाला छावनी में डोमेस्टिक एयरपोर्ट बनाकर दिया है और इसे बहुत जल्द आचार संहिता हटते ही एयरपोर्ट से विमान सेवा प्रारंभ होगी।

मंत्री ने बताया कि अंबाला छावनी से विमान उड़ाने के लिए बड़ी-बड़ी एयरलाइन ने एविएशन मंत्रालय में अप्लाई तक किया है। उन्होंने जो काम करवाए आप सभी जानते हैं। किसी ने हमारे कामों की 60 सेकेंड में 60 कामों की वीडियो बनाई, जोकि हमारे द्वारा किए गए कार्यों को दर्शाती है। मगर विपक्षियों द्वारा एक काम भी नहीं किया गया। अंबाला कैंट में बने डोमेस्टिक एयरपोर्ट उड़ान 4.2 के तहत तैयार है। यहां से अंबाला से श्रीनगर के लिए उड़ान भरने के लिए आरसीएस रूट फ्लाईबिंग एयरलाइंस को जिम्मा सौंपा गया है। इस रूट पर जल्द ही विमान उड़ान भरने के लिए तैयार होंगे। इस डोमेस्टिक एयरपोर्ट के लिए निर्धारित मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं, जबकि इसके लिए जेट विंग्स एयरलाइंस ने प्रस्ताव दिया है। हाल ही में डोमेस्टिक एयरपोर्ट के विकास के लिए 25 करोड़ रुपए की मंजूरी भी मिली है। अंबाला कैंट के डोमेस्टिक एयरपोर्ट को लेकर फिलहाल अंबाला-श्रीनगर-अंबाला के रूट को फाइनल किया गया है। इसके लिए आरसीएस रूट फ्लाईबिंग एयरलाइंस उड़ान के लिए मंजूरी दी है। एयरपोर्ट से अंबाला-लखनऊ-अंबाला सहित अन्य रूट के लिए भी उड़ान शुरू की जानी हैं। फिलहाल जेट विंग्स एयरलाइंस ने अपना प्रस्ताव दिया है, अन्य एयरलाइंस भी प्रस्ताव देगी। इसके बाद ही तय फाइनल होगा कि अन्य रूट के लिए किन एयरलाइंस को यहां से उड़ान भरने की मंजूरी दी जाएगी।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव रूलाहेड़ी के पास ट्रैक्टर की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव मुगलवाली निवासी संजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित गांव रूलाहेड़ी निवासी 41 वर्षीय मांगेराम रविवार शाम को अपनी बाइक पर किसी काम से जा रहा था। जब वह गांव के बाहर सड़क पर बाइक लेकर निकला तो तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने मांगेराम की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मांगेराम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी ट्रैक्टर चालक मौके पर कुछ देर रुकने के बाद वहां से भाग गया।

### दो बाइको की टक्कर में युवक की मौत दो लोग घायल

**समालखा।** समालखा में नेस्ले रोड पर दो बाइकों के बीच हुई टक्कर में एक ही बाइक पर सवार वीर कुमार, आदित्य व अक्षय निवासी गांव बसाडा जिला पानीपत घायल हो गए। हादसे के बाद तीनों बाइक से नीचे गिर गए। नीचे गिरने पर तीनों को चोट लग गई। जिसमें वीर कुमार ज्यादा गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन-फानन में उसे तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस जाचं में जुट गई।

**महाकाल की तर्ज पर धर्मनगरी में निकली भोले की बारात**




**झांकियों ने मोहा** : मेरे भोले की बारात का विशेष आकर्षण बारात में शामिल झांकियां रही। इनमें भोलनाथ की बारात की अगुवाई कर रही राम जी की सेना, बर्फ का शिवलिंग, अघोरी नृत्य, लुधियाना की रंगोली और रंगीन आतिशबाजी ने सबका मन मोह लिया।

### घायल को उपचार का खर्च नहीं दिया, केस

**पानीपत।** पानीपत के गांव कवि के स्टेडियम के पास खेतों की तरफ से आई तेज रफ्तार ईको ने बाइक सवार रोहित निवासी गांव कवि को करीब एक माह पहले टक्कर मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। वहीं, घटना के बाद ईको ड्राइवर अपने परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचा और रोहित से पुलिस में केस दर्ज नहीं करने की गुहार लगाते हुए इलाज और बाइक का पूरा खर्च उठाने का वादा किया। दोनों पक्षों में सहमति बन गई और इलाज शुरू हो गया, लेकिन बाद में ईको ड्राइवर खर्च देने से मुकर गया।

## शहीद उधम सिंह राजकीय कॉलेज मटक माजरी इंद्री में कार्यक्रम, बोले गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज

# श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाएं मनोविज्ञान, भौतिकी व संगीत चिकित्सा का वैज्ञानिक पहलुओं से गहरा जुड़ाव

- भगवद्गीता बेसुर जीवन को संगीतमय बनाती है और गीता का सार सार्वभौमिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री में संगीत विभाग एवं विज्ञान संकाय द्वारा दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ वैज्ञानिक परिपेक्ष्य में श्रीमद् भगवद गीता एवं संगीत विषय पर हुआ। यह सम्मेलन ऑफलाइन व ऑनलाइन आयोजित किया गया, जिसमें देश-विदेश के विद्वानों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं संगीत प्रेमियों ने भाग लिया।

सम्मेलन मे मुख्य अतिथि गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ महेंद्र सिंह बागी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि गीता न केवल आध्यात्मिक ग्रंथ है, बल्कि इसका वैज्ञानिक और संगीत से भी गहरा संबंध है। गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाएं मनोविज्ञान, भौतिकी और संगीत चिकित्सा जैसे वैज्ञानिक पहलुओं से गहराई से जुड़ी हुई हैं। उन्होंने अपने बताया कि किस तरह भगवद गीता बेसुर जीवन को संगीतमय बनाती है और गीता का सार सार्वभौमिक है। डॉ सुमेधा कटारिया, रिटायर्ड आई. ए. एस. ने बताया कि संगीत का प्रभाव मानव चेतना पर वैज्ञानिक रूप से सिद्ध है और भगवत गीता के श्लोकों का संगीतमय उच्चारण मानसिक स्वास्थ्य एवं एकाग्रता बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुआ है।



इंद्री। गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते महाविद्यालय के प्रोफेसर।

इसके साथ ही अन्य गेस्ट ऑफ़ ऑनर, वक्तव्य, डॉ रामपाल सैनी द्वारा दिया गया जो कि प्रेरणादायक एवं संगीतमय था। सम्मेलन के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति व महाविद्यालय के प्रोफेसर मौजूद रहें।

### कुवि कुलपति ने किया राष्ट्रीय कार्यशाला के ब्रोशर का अनावरण

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का विधि प्रकोष्ठ, विधि संस्थान के सहयोग से, 5 मार्च, 2025 को एक राष्ट्र, एक चुनाव पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के ब्रोशर का अनावरण सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ.वीरेंद्र पाल, 48 कोस तीर्थ समिति के अध्यक्ष मदन मोहन छाबड़ा के साथ विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला देवी चौहान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कानूनी प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रो. अमित लुदरी और विधि संस्थान के उप-निदेशक डॉ. रमेश सिरोही द्वारा किया गया। इस राष्ट्रीय कार्यशाला में विधि संस्थान के संकाय सदस्य एक राष्ट्र, एक चुनाव विषय पर शोध पत्र के साथ अकादमिक रूप से योगदान देंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य और अनुसंधान विद्वान भी भाग लेंगे।

**अभिभावकों के नानुकर के बाद भी बच्चे को मिला न्याय**

## पानीपत में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड ने कुकर्मी को दी सजा

**पानीपत।** थाना सनौली में तीन वर्ष के बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार करने पर 20 मई 2023 को एक जुनाईल के खिलाफ आईपीसी की धारा 377 व पोक्सो-6 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। यह जुवेनाइल कोर्ट ने 15 वर्षीय पीड़ित के ताऊ का लडक़ा था। इस मामले में पीड़ित बच्चे के माता-पिता ने अपने बयानों में उनके तीन वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुराचार होने की रिपोर्ट थाने में की थी। पुलिस द्वारा दोषी जुवेनाइल पर एफआईआर दर्ज की गई और रिपोर्ट एफएसएल में भेजी गई।

परिणामस्वरूप एफएसएल की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। परन्तु अपने बयानों में पीड़ित के माता-पिता ने अपने ब्यानों को बदलते हुए कहा कि उनके बच्चे के साथ कुछ नहीं हुआ है। जबकि एफएसएल की रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित के साथ अपराध हुआ था। ऐसे में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट पुनित लिम्बा ने बताया कि एफएसएल की




रिपोर्ट पर दोषी को सजा सुनाई गई है। जिसमें वह 8 मास की सजा काट चुका है और उसे आने वाले 6 मास के लिए दोषी को प्रोवेशन पर रखा गया है।

कोर्ट ने पीड़ित को न्याय देते हुए हरियाणा सरकार को लिखा है कि पीड़ित को तीन लाख रुपये की राशि 18 साल की उम्र तक उनके खाते में एफडीआर के रूप में जमा की जाए। प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट लिम्बा ने बताया कि ऐसे मामले में बच्चा बहुत छोटा था जोकि अपने न्याय के लिए बयान देने योग्य नहीं था। बच्चे के अभिभावकगणों ने अपने बयानों को बदल दिया जोकि गलत है। ऐसे में कोर्ट ने निर्णय लिया कि पीड़ित जुवेनाइल को न्याय मिले उसके लिए कोर्ट सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## खबर संक्षेप



### पारुल ने राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**यमुनानगर।** गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के वाणिज्य विभाग के कॉमर्स कैलिबर क्लब ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से नवाचार और व्यवसाय, विज्ञापन, रचनात्मकता आदि जैसे विभिन्न विषयों पर सोमवार को आनलाइन राष्ट्रस्तरीय टैगलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में पंजाब, हरियाणा, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के शहरों समेत देश भर से कई प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. प्रतिमा शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में जेएमआईटी रादौर की पारुल ने प्रथम स्थान, गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर के आशु ने द्वितीय और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बैंगलोर के शौर्य गर्ग ने तृतीय स्थान हासिल किया। जबकि अतिथि और सपना को उनके रचनात्मक योगदान के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### घर व फैक्ट्री का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**यमुनानगर।** जिले में चोरों ने सूने घर व फैक्ट्री का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने दोनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की मायापुरी कॉलोनी निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सुबह 11 बजे घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गई थी। वह वापस लौटी तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था। जांच करने पर घर से 12 हजार रुपये, चांदी के दो गले के सेट, चार कडे, तीन जोड़ी पायल, दो गले के पैंडल व अन्य सामान गायब मिला।

### होली मदर पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन

# आइडियल टीचर बनकर करें विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकासः कपिल बत्रा

- समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में कपिल बत्रा ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज:यमुनानगर

सीबीएसई के तत्वावधान में होली मदर पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम का समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता के रुप में कपिल बत्रा ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक कमेटी के सचिव विकास कश्यप ने की। कार्यक्रम में 55 शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता कपिल बत्रा ने शिक्षकों को बताया कि एक आइडियल टीचर वह होता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक हो और अपने ज्ञान को निरंतर अद्यतन करता रहे। ब्लूप्रिंट ऑफ आइडियल टीचर सत्र में शिक्षकों को यह सिखाया गया कि एक आदर्श शिक्षक में प्रभावी संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक दृष्टिकोण जैसे गुण होने चाहिएं। साथ ही यह भी समझाया गया कि विद्यार्थियों की सीखने की क्षमताओं को पहचान कर उन्हें सही दिशा में कैसे प्रेरित किया जा सकता है। वहीं, मैनेजिंग टाइम विद ईज सत्र में समय प्रबंधन के महत्व और इसे प्रभावी तरीके से अपनाने की तकनीकों पर चर्चा की गई। इससे शिक्षकों को अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद मिली। इसके अलावा स्ट्रेस फ्री टीचिंग सत्र में तनावमुक्त वातावरण में पढ़ाने के उपायों पर ध्यान दिया गया। इसमें ध्यान, योग और सरल व्यायामों से मानसिक शांति बनाए रखने के तरीके बताए गए। यह ट्रेनिंग सभी शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रही। प्रतिभागियों ने इसे उपयोगी और पेशेवर विकास के लिए लाभकारी बताया। ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों को ट्रेनिंग सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों में प्रभावी संवादए समय प्रबंधन और तनावमुक्त शिक्षण की क्षमताओं का विकास करना था। इस ट्रेनिंग से शिक्षकों को अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने, सकारात्मक वातावरण बनाने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायता करने के लिए प्रेरणा मिली। मौके पर स्कूल प्रबंधक कमेटी के सचिव विश्वास कश्यप ने आए हुए मुख्य वक्ता कपिल बत्रा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से स्टाफ सदस्यों का ज्ञान वर्धन होता है। उन्होंने भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए आश्वासन दिया।



**यमुनानगर।** होली मदर पब्लिक स्कूल में चल रहे दो दिवसीय इन हाउस ट्रेनिंग कार्यक्रम के समापन पर शिक्षकों को जानकारियां देते हुए मुख्य वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*



**यमुनानगर।** रादौर स्थित मुकंदलाल नैशनल कॉलेज में आयोजित व्याख्यान में विद्यार्थियों को अध्यात्म के बारे में जानकारी देते हुए मुख्य वक्ता।

## अध्यात्मिकता का है हमारे जीवन में बड़ा महत्वः डॉ. कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के मुकंदलाल नेशनल कॉलेज में सोमवार को लीगल लिटरेसी सैल की ओर से फैकल्टी एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यात्म का महत्व विषय पर विद्यार्थियों के लिए व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमे जेएमआईटी से डॉ. कविता रानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रही। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस व्याख्यान को सुनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यवक्ता डॉ. कविता रानी ने कहा कि आध्यात्मिकता का हमारे जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। हम अध्यात्म से ही खुद को जान सकते हैं। विद्यार्थियों को अध्यात्म से संबंधित वीडियो और पीपीटी दिखाई गई। उन्होंने बताया कि हम संवाद से भी बहुत कुछ सीखने के साथ साथ प्रेरित भी होते हैं। हम अपने नैतिक मूल्यों को जीवन में धारण करें। उन्होंने विद्यार्थियों को ओर भी बहुत सी जीवन, वातावरण, समाज से संबंधित जानकारी दी। इस व्याख्यान को सुनने के साथ साथ पीपीटी को देखने से विद्यार्थियों में बहुत उत्साह दिखाई दिया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. माला शर्मा ने मुख्यवक्ता का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को हमेशा उत्साहित करते हैं।

# शिकायतों का जल्द से जल्द करें निपटानः गुप्ता

- जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का हुआ आयोजन
- सीटीएम पीयूष गुप्ता ने समस्या समाधान शिविर में सुनी लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को लघु सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया। शिविर में सीटीएम पीयूष गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने अधिकारियों को समाधान शिविर में अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करने का भरसक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से यमुनानगर में जिलास्तर पर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, पंचायतों से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए उप मंडल स्तर पर तथा नगर निगम से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए नगर निगम कार्यालय यमुनानगर जगाधरी में भी प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह के वक्त समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित समस्या समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए सीटीएम पीयूष गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

### प्राथमिकता के आधार पर कर रहे हैं समाधान

सीटीएम पीयूष गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी शिविर में आ रही लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करवाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने जिलावासियों से अपनी समस्याओं को समाधान शिविर में आकर रखने और उनका त्वरित समाधान पाकर लाभ उठाए जाने की अपील की। शिविर में पहुंची शिकायतों के समाधान के लिए उपायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद विरेन्द्र सिंह ढुल, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीएसपी कवलजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिजनेस में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर युवक से ठगे 80 लाख

- पुलिस ने पीड़ति युवक के पिता की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

बिजनेस में अधिक मुनाफा कमाने का लालच देकर मॉडल कॉलोनी निवासी लगन गुलाटी से 80 लाख रुपये हड़प लिए गए है। आरोपी पंजाब के भटिंडा निवासी तुषार बंसल, केवल कृष्ण बंसल, अरूण मित्तल व शेफाली पर लगा है। पुलिस ने गलन गुलाटी के पिता की शिकायत पर चारों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मॉडल कॉलोनी निवासी सुशील कुमार गुलाटी ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसीपल है। उसका लड़का लगन गुलाटी पंजाब के भटिंडा निवासी तुषार बंसल के साथ एक कंपनी में काम करता था। इस दौरान उसके लड़के लगन गुलाटी की तुषार बंसल के साथ अच्छी दोस्ती हो गई थी। आरोपी तुषार बंसल उनके घर पर आने जाने लगा। इस दौरान आरोपी तुषार बंसल ने उसके लड़के को कहा कि वह बिजनेस करना चाहता है। जिसमें वह पैसा इंवेस्टमेंट कर अधिक लाभ कमा सकता है। अगर वह भी उसके साथ बिजनेस करना चाहता है तो वह भी पैसे इंवेस्ट कर पार्टनरशिप में काम शुरू कर सकते हैं। आरोपी ने उसके लड़के को बातों में उलझा लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके लड़के लगन गुलाटी को बिजनेस में अधिक लाभ कमाने का लालच देकर अपने साथ जोड़ लिया और इंवेस्टमेंट के नाम पर उससे 80 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद वह दोनों गुडगांव में बिजनेस करने लगे। शुरू में उसका लड़का कुछ पैसे घर भेजने लगा। मगर इसके बाद अचानक से आरोपी तुषार बंसल उसके लड़के से पैसे लेकर गायब हो गया। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जब उसने इस बारे आरोपी युवक के पिता केवल कृष्ण बंसल, जीजा अरूण मित्तल व बहन शेफाली से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व गणमान्य लोग।

### विद्यार्थियों को दी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग की जानकारी

**रादौर।** रादौर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में सोमवार को टीसीएस आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एंड मशीन लर्निंग के महत्व विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में टीसीएस के सामाजिक उत्तरदायित्व अधिकारी सुशील खोसला ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने की। मौके पर टीसीएस के मुख्य प्रभारी रजत सिक्का भी मौजूद रहे। मुख्य वक्ता सुशील खोसला ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से जुड़ी प्रेजेंटेशन में उसके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने इसके लिए महाभारत और रामायण के उदाहरण से समझाया कि कैसे सभी पात्रों ने अपना कर्तव्य निभाया। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की विभिन्न विद्याओं को समझने के लिए कई उदाहरणों के उपयोग किया। सुशील खोसला ने इंडस्ट्री 4.0 की कुछ मुख्य विद्याओं का भी जिक्र किया। उन्होंने इसके विकास की यात्रा 1974 से इंडस्ट्री 1.0 से यांत्रिक युग की शुरुआत बताई। खोसला ने आज के डिजिटल युग की विशेषताएं बताई। टीसीएस की टीम से रजत सिक्का ने सभी विद्यार्थियों का अभिवादन किया। मंच का संचालन प्रियंका शर्मा ने किया। समारोह की प्रभारी डॉ. सविता शर्मा की सहभागिता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ.गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. गगनप्रीत कौर, अनुजा गोयल, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. नवदीप, डॉ. विकास भारद्वाज व डॉ. गगनदीप चावला आदि मौजूद रहे।

# सत्यापन कार्य में लाएं तीव्रताः डॉ.यादव

- नगर निगम क्षेत्र में अब तक 107345 संपत्तियां हुई सत्यापित
- अतिरिक्त निगम आयुक्त ने संपत्ति सत्यापन कार्य में लगे कर्मचारियों की ली बैठक, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

नगर निगम यमुनानगर प्रशासन द्वारा किए जा रहे संपत्ति सत्यापन का कार्य के तहत निगम के यमुनानगर जगाधरी क्षेत्र की 216808 संपत्तियों में से 107345 संपत्तियां सत्यापित की जा चुकी हैं। 49.51 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित कर नगर निगम यमुनानगर जगाधरी पहले स्थान पर है। कार्य को गंभीरता व तेजी से कराने को लेकर सोमवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने संपत्तियां सत्यापन में लगे कर्मचारियों की बैठक ली।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर हुई बैठक में कर्मचारियों को वार्ड वाइज सत्यापित नहीं हुई संपत्तियों की सूचियां वितरित की गई। ताकि कर्मी नई सूची के आधार पर संपत्तियां सत्यापित कर सकें। अतिरिक्त निगम आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने कहा कि सभी कर्मी गंभीरता और तीव्रता से संपत्ति सत्यापन का कार्य करें। कोई भी कर्मचारी ढील व लापरवाही से कार्य न करें। संपत्ति सत्यापन कार्य को गंभीरता से न लेने वाले कर्मचारी के खिलाफ उचित कार्रवाई अमल में लाए जाएगी। बेहतर कार्य करने वाले कर्मी को सम्मानित किया जाएगा।



**यमुनानगर ।** निगम कार्यालय में आयोजित निगम कर्मचारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. विजय पाल यादव। *फोटो : हरिभूमि*

### बीस संपत्तियां रोजाना करें सत्यापित

निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. विजय पाल यादव ने सभी कर्मियों को रोजाना 20 से अधिक संपत्तियां सत्यापित करने के निर्देश दिए। नगर निगम क्षेत्र की संपत्तियां सत्यापित करने के लिए वार्ड वाइज नगर निगम की टीमें बनी हुई है। प्रत्येक वार्ड में तीन से चार कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए है। जो घर घर जाकर शहरवासियों से संपत्तियां सत्यापित करवा रहे हैं। इनके अलावा तीनों निगम कार्यालयों के नागरिक सुविधा केंद्रों में भी संपत्ति सत्यापित की जा रही है। यहां संपत्तियां सत्यापित करने के लिए लोगों की आपत्तियां दर्ज कर उनका समाधान भी किया जा रहा है। घर घर जाकर संपत्तियां सत्यापित करने वाले कर्मचारियों को कुछ समस्याएं आ रही हैं। जिनका समाधान भी निगम अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है। अब तक नगर निगम यमुनानगर.जगाधरी क्षेत्र की 49.51 प्रतिशत संपत्तियां सत्यापित हो चुकी है। संपत्तियां सत्यापित करने में नगर निगम यमुनानगर.जगाधरी प्रदेश में पहले स्थान पर है। डॉ. यादव ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की सभी संपत्तियों को सत्यापित किया जाएगा।



**यमुनानगर।** स्टारवे सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में टाइटल दिए बच्चों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह व अन्य।

### पारुल मिस तो अभय कांबोज बने मिस्टर फेयरवेल

**यमुनानगर।** स्टारवे वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दी(यमुनानगर) में बारहवीं कक्षा के बच्चों के लिए सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों ने अपने सीनियर्स को विदाई पार्टी दी। मौके पर 12वीं के बच्चों को टाइटल दिए गए तथा एक टास्क करने के लिए दिया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह व प्रधानाचार्या दीप माला ने किया। प्रधानाचार्या दीप माला ने बताया कि समारोह में वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए 12वीं कक्षा के बच्चों को टाइटल दिए गए। जिनमें पारुल को मिस चार्मिंग, परीक्षित मिस्टर कॉमेडियन, अनुज मिस्टर स्टडियोज, अभय त्यागी मिस्टर हैंडसम, सर्वेष्ठा को मिस चुलबुली का खिताब दिया गया। टाइटल से सम्मानित किए गए बच्चों को चैतन्य अकेडमी लाडवा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें सबसे अच्छे उत्तर देने वाले बच्चों में पारुल मिस फेयरवेल बनी और अभय गौतम कंबोज मिस्टर फेयरवेल बने। सभी बच्चों के लिए दोपहर के भोजन का प्रबंध किया गया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मौके पर चैतन्य अकेडमी के अधिकारियों व स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या दीप माला कांबोज ने बच्चों को आगाह किया कि आने वाले समय में वह स्कूल की दहलीज को लांघ कर कॉलेज के जीवन में जा रहे हैं।

# विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा आवारा कुत्तों का मामलाः अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

यमुनानगर वासियों के लिए जी का जंजाल बने आवारा कुत्तों का मामला 7 मार्च को आरंभ होने वाले विधानसभा सत्र में उठाया जाएगा। यह जानकारी यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने ग्रीन पार्क में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए दी। मौके पर मेयर प्रत्याशी सुमन बहमनी, पार्टी जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर पवन बिट्टू व वार्ड नौ से नवनिर्वाचित हुई भावना पवन बिट्टू भी मौजूद थी। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि आवारा कुत्तों द्वारा नगर वासियों पर जानलेवा हमले करने की कई शिकायत उन्हें प्राप्त हुई है। इसलिए उन्होंने 7 मार्च को आरंभ होने वाले सत्र में मुद्दा उठाने के लिए प्रश्न भिजवा दिया है। इसके अलावा बंदरों व आवारा पशुओं का भी मामला उठाया जाएगा।

उन्हें उम्मीद है कि सरकार जल्द इस सबंध में कोई निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि यमुनानगर थर्मल प्लांट में 800 मेगावाट की एक और इकाई का निर्माण कार्य जल्द आरंभ हो जाएगा । इसके बनने के बाद आगामी कई वर्षों तक बिजली की समस्या नहीं आएगी। मौके पर पार्टी जिला राजेश सपरा ने कहा कि हरियाणा सरकार पूरे राज्य में चहुमुखी विकास करवा रही हैं। आज ऐसा कोई वर्ग नहीं है जिसके कल्याण के लिए कोई योजना न लागू की गई हो। उन्होंने कहा कि सरकार सबका साथ सबका विकास के नारे पर काम रही हैं।



**यमुनानगर।** विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शहर में घूम रहे आवारा कुत्तों पर जताई चिंता। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्यक्रम** निरंकारी स्वयंसेवकों ने प्रोजेक्ट अमृत के तहत की यमुना नहर के घाटों की

# पानी प्रकृति का अमूल्य उपहार, इसका संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

संत निरंकारी मिशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तीसरे चरण के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन मुहिम के अंतर्गत सोमवार को पश्चिमी यमुना नहर के किनारे बाडी माजरा पुल से लेकर ग्रे पेलिकन रेस्ट हाउस तक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत यमुना नहर के घाट व आसपास की सफाई की गई। जिसमें निरंकारी सेवादल के सैकड़ों भाई बहनों से स्वेच्छा से नहर के घाटों की सफाई की और यमुना के घाटों पर पड़े पॉलिथीन कचरे आदि को वहां से उठाकर ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर कचरा निस्तारण प्लांट तक पहुंचाया गया। संयोजक बलदेव सिंह ने बताया कि निरंकारी मिशन द्वारा हर साल निरंकारी बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिवस पर सफाई व जल संरक्षण अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के तहत 27 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के 1650 से अधिक स्थानों पर 10 लाख से भी अधिक सेवा भाव से ओत प्रोत स्वयंसेवक भक्तों ने एक साथ इस पुनीत अभियान को साकार किया। यह दृश्य केवल प्राकृतिक स्वच्छता तक सीमित न रहकर, अंतर्मन को निर्मल और पवित्र करने की एक आध्यात्मिक यात्रा का सुंदर प्रतीक बन गया। प्रत्येक श्रद्धालु की समर्पित उपस्थिति इस बात का प्रमाण थी कि जब प्रेम, सेवा और समरसता का दिव्य संगम होता है। तब प्रकृति भी नवजीवन का अनुभव करती है। उन्होंने कहा कि बाबा हरदेव सिंह जी के जन्मदिवस को समर्पित इस पुनीत सेवा अभियान में हर संत को जल संरक्षण की दिशा में योगदान देने का अवसर मिला। यह पहल न केवल घाटों और जलस्त्रोतों की स्वच्छता पर केंद्रित थी। बल्कि घरों में छोटी छोटी आदतों के माध्यम से जल बचत को भी प्रोत्साहित करती है। जिससे जल का सम्मान हो और यह अमूल्य संसाधन आने वाली पीढ़ियों के लिए संरक्षित रह सके। पर्यावरण सुरक्षा के अंतर्गत जल संरक्षण में अपनी सकारात्मक सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ग्लोबल एनर्जी एंड एनवायरनमेंट फाउंडेशन ने संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (एसएनसीएफ) को प्रतिष्ठित वाटर कंजर्वेशन इनिशिएटिव एनजीओ ऑफ द ईयर 2025 पुरस्कार से सम्मानित किया। यह गौरवपूर्ण सम्मान फाउंडेशन के प्रोजेक्ट अमृत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन और इसकी विविध जल संरक्षण एवं स्वच्छता पहलों के प्रति अथक समर्पण का प्रतीक है। निसंदेह जल संसाधनों की शुद्धता और सतत संरक्षण में फाउंडेशन द्वारा किए गए उत्कृष्ट प्रयास समाज को स्वच्छ, स्वस्थ और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।



**यमुनानगर।** निरंकारी बाबा हरदेव के जन्मदिवस पर चलाया गया विशेष सफाई एवं जल संरक्षण अभियान। *फोटो : हरिभूमि*

# सरस्वती नगरी में महाशिवरात्रि को लेकर सजे शिवालय, कल जुटेगी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

भारतवर्ष में कल 26 फरवरी को मनाए जा रहे महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सरस्वती नगरी पिहोवा के अनेक शिव मंदिरों में भी इस महापर्व को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शिवालयों को भव्य ढंग से सजाने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुख सुविधाओं के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धालु विजय कुमार, संजय तनेजा, केशव बंसल, अंकित कुमार ने बताया कि प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, सीहोर वाले द्वारा की जाने वाली महाशिवपुराण की कथाओं ने श्रद्धालुओं की शिव के प्रति आस्था, श्रद्धा, और समर्पण भाव को और भी सुदृढ़ कर दिया है। जिसके कारण पूर्व की अपेक्षा अब शिवालयों में शिव प्रेमियों की भीड़ लगातार बढ़ रही है।


पिहोवा। श्री पृथ्वेश्वर महादेव, संगमेश्वर महादेव मंदिर का श्रृंगार।

### श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर

नगर से 5 किलोमीटर की दूरी पर गांव अरुणाय स्थित श्री संगमेश्वर महादेव मंदिर में महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में मनाए जा रहे महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह पाया जा रहा है। देश के अनेक राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आवास व भोजन की व्यवस्था मंदिर प्रबंधन की ओर से की गई है। रात्रि में भगवान शिव का भस्माभिषेक होगा। शिव प्रेमियों द्वारा निशुल्क भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

### श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर

सरस्वती तीर्थ के दक्षिणी तट पर श्री पृथ्वेश्वर महादेव मंदिर में भारत साधु समाज के प्रदेशाध्यक्ष एवं संस्थापक महंत बंसी पुरी के सानिध्य में महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक स्वामी महेश पुरी ने बताया कि शिवालय में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा चार पहर की पूजा व नाना विधियों से भगवान पृथ्वेश्वर का अभिषेक किया जाएगा।

### सोमेश्वर महादेव मंदिर

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मां पीतांबरा पीठ बगलामुखी धाम धनीरामपुरा में स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर का श्रृंगार किया जा रहा है। मंदिर के महंत भीम पुरी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि पर शिव स्तुति का पाठ करने से मन प्रसन्न और आनंदित रहता है। सेवक विकल कुमार चौबे ने बताया कि सोमेश्वर महादेव मंदिर में रोजाना पुजारी द्वारा पूजा एवं आरती की जाती है।

### उशनेश्वर महादेव मंदिर

निकटवर्ती गांव सतौडा में स्थित ऐतिहासिक उशनेश्वर महादेव मंदिर में श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के प्रदेश प्रवक्ता एवं मंदिर के महंत दीपक गिरी के सानिध्य में महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। दूर दराज से श्रद्धालु यहां पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। एक विशाल भंडारे का आयोजन भी होगा।

### पशुपतिनाथ महादेव मंदिर

बाबा श्रवणनाथ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पशुपति नाथ महादेव का प्राचीनतम मंदिर स्थित है। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी (कनखल) द्वारा संचालित इसमें पंचमुखी शिवलिंग स्थापित है। बताते हैं कि यह शिवलिंग कसौटी के पत्थर का बना हुआ है।

### मंदिर टोपियों वाला (दशनाम डेरा)

यह प्राचीन शिव मंदिर यहां दशनाम डेरा में स्थित है। इसको स्थानीय निवासी टोपियों वाला शिव मंदिर के नाम से जानते हैं। इस मंदिर के प्रांगण में धर्मराज की प्रतिमा भी स्थापित है। इस क्षेत्र में धर्मराज महाराज का यह एकमात्र मंदिर है। मान्यता है कि यहां शिवलिंग पर एक लोटा जल चढ़ाने से मनुष्य की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### श्रीआशुतोष महादेव मंदिर

वार्ड नंबर 12 स्थित श्री आशुतोष महादेव मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर के पुजारी हरि शंकर शर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में समय-समय पर रामायण पाठ, कार्तिक एवं सावन मास की कथा, जन्माष्टमी महोत्सव एवं भंडारे आदि के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

### श्री वशिष्ठेश्वर महादेव मंदिर

यह अत्यंत प्राचीन शिव मंदिर मां सरस्वती के उत्तर तट पर प्रांची तीर्थ में स्थित है। मान्यता है कि इस मंदिर में शिवलिंग की स्थापना महर्षि वशिष्ठ ने की थी। यहां भी पूरा श्रावण मास एवं महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं का भारी तांता लगता है।

## खबर संक्षेप



### इंसान का सच्चा मित्र भगवान : सौम्या

**कुरुक्षेत्र।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा प्रोफेसर कॉलोनी नरकातारी रोड, थानेसर में सात दिवसीय श्रीकृष्ण कथा का भव्य आयोजन किया गया है। षष्ठम दिवस के अंतर्गत दिव्य गुरु श्रीआशुतोष महाराज जी की शिष्या भारत विख्यात भागवत भास्कर साध्वी सुश्री सौम्या भारती ने कहा कि वह परमात्मा जब इस धरा पर अवतार लेकर आते हैं तो भक्त उनको अनेक भाव से भजते हैं और भाव रूपी पात्र अलग अलग होने के कारण भक्त और भगवान के सम्बन्ध भी बड़े अद्भुत रूपों में सामने आते हैं। साध्वी जी ने कहा कि इन्सान का सच्चा मित्र तो भगवान ही है।

### थानेसर में सफाई व्यवस्था चरमराई : सुशील गुप्ता



**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डा. सुशील गुप्ता ने थानेसर की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरते हुए कहा कि थानेसर में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर बेसहारा पशु घूमते हैं जिससे आए दिन कोई ना कोई दुर्घटना होती रहती है। जगह-जगह सीवरेज के ढक्कन टूटे हुए हैं जिससे दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। सरस्वती नदी में गंदे नालों का पानी डाला जाता है। गुंडाराज फैला हुआ है जो आए दिन रंगदारी मांगते हैं, लुटपाट करते हैं और हत्याएं तक करते हैं। सरकार का गुंडाराज रोकने का कोई भी प्लान नहीं है।

### भगवान परशुराम कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज कुरूक्षेत्र में 13वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ जिसमें पंकज कुमार सेतिया, एचसीएस, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से की तोड़फोड़

# 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला में लगभग 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कलां में अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला नजदीक विश्वास नगर केडीबी रोड व अनाजमंडी कुरुक्षेत्र में लगभग 12 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में कच्ची सड़कों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा कला में लगभग 12 एकड़ में अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुमार्ना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।



कुरुक्षेत्र। अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करती टीम।

# सड़कों पर गूंजे 'बोल बम, बम-बम' के जयकारे

- मेरे भोले की बारात का जगह-जगह हुआ स्वागत, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने भी की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



महाशिवरात्रि से पूर्व धर्मनगरी कुरुक्षेत्र की सड़कों पर बोल बम, बम-बम लहरी व भोलेनाथ पर आधारित भक्तिगीतों पर झूमते शिवभक्त भोले बाबा की बारात का हिस्सा बने। शिवरात्रि सेवा मंडल द्वारा शहरभर में निकाली गई मेरे भोले की बारात का जगह-जगह स्वागत किया गया। धर्मनगरी की जिस भी गली, बाजार में ये बारात गुजरी, वहां-वहां शहरवासी और दुकानदार बारातियों का गर्मजोशी से स्वागत करते नजर आए। जगह-जगह भंडारे लगाए। दुःखभंजन मंदिर से नंदी पर सवार दूल्हे बने भोलेनाथ शिवशंकर रथ पर सवार होकर माता पर्वती का ब्याहने के लिए निकले तो श्री ब्राहमण एवं तीर्थोंद्वार सभा के संरक्षक जयनारायण शर्मा, शिवरात्रि सेवा मंडल के सदस्यों मनोज परूथी, एम.के. मोदगिल, रोहित शर्मा, चंदन अरोड़ा, बृजेश किंगर व अन्य सदस्यों ने भगवान भोलनाथ की आरती की।

### नंगली वाली कुटिया में हुआ शिव-पार्वती का विवाह

मेरे भोले की बारात प्रातः लगभग 11 बजे दुःखभंजन मंदिर से आरंभ होकर गुरुद्वारा चौक, अंबेडकर चौंक, सीकरी चौंक, पुराना बाजार, सब्जी मंडी, रोटरी चौंक, पुराना बस स्टैंड, सेक्टर-17, रेलवे रोड, न्यू कालोनी, अमीन रोड से होती हुई राजेन्द्र नगर स्थित नंगली वाली कुटिया में पहुंची जहां बीते वर्षों की तरह भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सैंकड़ों महिलाओं ने भी भाग लिया। यहीं से देर शाम डोली दुखभंजन मंदिर की ओर रवाना हुई। मंदिर में भव्य आरती का आयोजन किया गया। इसके उपरांत अमृतमयी भंडारा आयोजित किया गया।

## निकाय चुनाव को लेकर जिला पुलिस ने निकाली फ्लैग मार्च



**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। पुलिस अधीक्षक कुरूक्षेत्र वरुण सिंगला के दिशा निदेर्शानुसार सोमवार को निकाय चुनाव के मध्यनजर थाना शहर थानेसर एरिया में फ्लैग मार्च निकाला गया। पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीम व आरएएफ की टीम ने आम नागरिकों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतन्त्र रुप से चुनाव प्रक्रिया में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मार्च 25 को जिले में निकाय चुनाव होने निश्चित हुए हैं। जिला कुरूक्षेत्र में निकाय चुनाव-2025 को शान्तिपूर्ण एवं निष्पक्ष करवाने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सोमवार को पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने आरएएफ के जवानों के साथ मिलकर शहर थानसेर में फ्लैग मार्च निकाला। थाना शहर थानेसर प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार व आरएएफ निरीक्षक प्रदीप के नेतृत्व में पुलिस की टीमों का फ्लैग मार्च शहर थानेसर एरिया के लायलपुर बस्ती, मोहन नगर सैक्टर-13, सैक्टर-7, नया बस स्टैंड, रतगल आदि विभिन्न गलियों व मार्गों से होकर गुजरा।


कुरुक्षेत्र। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज प्रभात फेरी के आयोजक सुशील शर्मा के परिजनों को आशीर्वाद स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## अमृत वेला में प्रभु नाम के सिमरन से मिलती है विशेष ऊर्जा : स्वामी ज्ञानानंद महाराज

**कुरुक्षेत्र।** गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा मसीता हाऊस मोहल्ले में प्रभात फेरी का आयोजन सुशील शर्मा के परिवार द्वारा किया गया। होली के उपलक्ष्य में आयोजित इस प्रभात फेरी में गीता मनीषी के साथ-साथ स्थाणेश्वर महादेव मंदिर के महंत लक्ष्मी नारायण पुरी, शिवानंद जी महाराज सहित भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर सुनील वत्स, पवन कुमार के नेतृत्व में राधा व कृष्ण के भाव से गाए गए भजनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया। ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने श्रद्धालु जमकर थिरके। इस अवसर पर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने अपने आर्शीवचन में कहा कि प्रातः अमृत वेला के समय प्रभु का नाम जपना विशेष फलदायक है। इसलिए अमृत वेला में प्रभु नाम का सिमरन किया जाना चाहिए। इससे विशेष ऊर्जा मिलती है। गीता मनीषी ने उपस्थित श्रद्धालुओं से गौ सेवा और गीता पाठ, नित्य नियम से मंत्र जाप का आह्वान करते हुए कहा कि गीता किसी एक धर्म या संप्रदाय का ग्रंथ नहीं बल्कि समूची मानव जाति के लिए भगवान का दिया हुआ एक अमूल्य उपहार है, जिसे भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को निमित बनाकर विश्व कल्याण के लिए दिया है।

## कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आरके सदन में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अयन फाउंडेशन एवं राष्टीय सेवा योजना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आरके सदन में 25 फरवरी मंगलवार को सक्षम युवा-देश की रीढ विषय पर प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सैनी समाज भवन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए अयन फाउंडेशन के फाउंडर चेयरमैन कर्ण प्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 11 बजे से लेकर दो बजे तक चलेगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के युवाओं को उनकी जिम्मेवारी के प्रति जागरुक करना है। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर वैदिक यज्ञ अनुसंधान सस्थान यमुनानगर के अध्यक्ष आचार्य गोपाल देव, अंतरराष्टीय मनोचिकित्सक डा. कावेरी चौहान, अंतरराष्टीय हॉकी खिलाड़ी सुरेंद्र पालड़, हिंदु जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक सुशील चौधरी, भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि बतान, राष्टीय सेवा योजना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के समन्वयक डा. आनंद कुमार व समाजसेवी मोहन शर्मा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अयन फाउंडेशन के फाउंडर चेयरमैन कर्ण प्रताप सिंह करेंगे।


कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते अयन फाउंडेशन के फाउंडर चेयरमैन कर्ण प्रताप सिंह।

# 'शिव के साथ रात्रि का संबंध' विषय पर चर्चा

- ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र में हुआ 89 त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'शिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य' रहा। बी.के पुष्पा और आरती बहन ने पटका पहना और पुष्प गुच्छ भेंट कर मंचासीन महानुभावों का हार्दिक अभिनंदन किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जय भगवान शर्मा मुख्यातिथि रहे और नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि हरियाणा ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष पवन शर्मा, मातृभूमि सेवा मिशन के अध्यक्ष श्रीप्रकाश मिश्रा, मानवतावादी विश्व संस्थान की साध्वी आशा देवी, डेरा कार सेवा से बाबा अमरीक सिंह, पिपली गुरुद्वारा नीलधारी संप्रदाय प्रबंधक, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेशन अनिल वशिष्ठ, केंद्र प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन आदि अतिथियों और प्रबुद्धजनों ने दीप प्रज्ज्वलित कर और शिव ध्वज लहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा ने कहा कि सच्चा कुंभ मेला तो माउंट आबू में है, जहां आत्माओं का परमात्मा से मिलन होता है। उन्होंने कहा कि ब्रह्माकुमारीज संस्था के मुकाबले में शायद ही कोई संस्था हो। सृष्टि पर जहां इन बहनों के चरण पड़ते है, वही धन्य हो जाती है। मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक श्री प्रकाश मिश्रा ने कहा कि शिवरात्रि अज्ञान से ज्ञान, अवसाद से आनंद की ओर ले जाने वाला पर्व है। विशिष्ट अतिथि पवन शर्मा ने बताया कि आज इंसान सोया हुआ है क्योंकि चारों तरफ पाखंड का बोलबाला ज्यादा और ज्ञान की बातें सुनने वाले कम रह गए हैं। बी.के नेहा बहन के साथ नियमित ज्ञान सुनने वाले नेहा, गीता, राजकुमार, गोरी ने लघु नाटिका 'अंतिम विदाई' के माध्यम से जीवन की सच्चाई अर्थात सृष्टि रंग मंच की झलक दिखाई।


कुरुक्षेत्र। दीप प्रज्जवलित करते अतिथिगण।



## हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने किया बाल देख-रेख संस्थानों का निरीक्षण

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगेराम द्वारा जिले में चल रहे उद्यान केयर होम व जीवन में विश्वास बाल आश्रम लाडवा का औचक निरीक्षण किया गया। इन संस्थानों में विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मीना कुमारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान संस्थान में बच्चों को दी जाने वाली सभी प्रकार की सुविधा के बारे में जानकारी ली गई, संस्थानों में दिए जा रहे खान-पान की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया गया ताकि संस्थानों में रह रहे बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतू अत्याधिक आवश्यक है। इस संस्था में बच्चों से संबंधित कागजात, दस्तावेज, फाइल रिकॉर्ड इत्यादि को चैक किया गया। उनके द्वारा संस्था में मौजूद स्टाफ व बच्चों को साफ-सफाई रखने बारे बताया गया तथा उन्होंने कहा कि साफ-सफाई से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। निरीक्षण के दौरान आयोग के सदस्य मीना कुमारी व मांगेराम द्वारा संस्थान के इंचार्ज को दिशा-निर्देश दिए गए कि बच्चों का समय पर हैल्प चैकअप करवाया जाए व शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई जाने बाली कमियों को सुधार करने के निर्देश दिये गए। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा, संरक्षण अधिकारी (संस्थागत) रीजा शर्मा, चेयरमैन कृष्ण पांचाल, सदस्य बाल कल्याण समिति हरि सिंह उपस्थित रहे।

समारोह

## रविन्द्र तोमर ने महासचिव के तौर पर तीसरी बार ली शपथ

# राजवंत कौर ने दूसरी बार कुंटिया के प्रधान पद की ली शपथ

- कुंटिया का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुंटिया का शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के ओडिटोरियम में आयोजित किया गया। कुटिया चुनाव-2025 के चुनाव अधिकारी प्रो. विवेक चावला ने नवनिर्वाचित कुंटिया प्रधान के लिए राजवंत कौर, वरिष्ठ उप-प्रधान के लिये चन्द्रपाल, उप-प्रधान के लिये राकेश कुमार, महासचिव पद के लिये रविन्द्र तोमर, सह-सचिव के लिये मनीष बाल्दा, प्रेस सचिव के लिये जगदीप सिंह, कैशियर के लिए विकास कांतिवाल और कार्यकारिणी सदस्यों के लिये प्रताप राम, पवन, संतोष कुमार, संदीप, विकास हांसी, हितेश चौहान, जितेन्द्र सिंह, धर्मबीर, शीश पाल, शुभ नारायण, उमेद शर्मा, सेवा सिंह, कर्मबीर शर्मा, गुरचरण, कृष्ण कुमार, सत्यवान, राम पूजन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य आतिथि के तौर पर पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने शिरकत की और नव-निर्वाचित कायीर्कारिणी को बधाई प्रेषित की। कुंटिया के नव निर्वाचित महासचिव रविन्द्र तोमर ने मंच का संचालन करते हुए कहा कि कुंटिया चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के लिये चुनाव अधिकारी प्रो. विवेक चावला का आभार प्रकट किया और पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने पर धन्यवाद किया। कुंटिया प्रधान राजवंत कौर ने कहा कि कुंटिया की मजबूती के लिए सभी को साथ लेकर एक टीम के रूप में कार्य किया जाएगा। कुंटिया के पूर्व प्रधान नीलकंठ शर्मा और रामकुमार गुज्जर ने कार्यकारिणी को भरोसा दिलाया की कर्मचारियों की हर मांग को पूरा करवाने के लिए वो सदैव सहयोग करेगें और कुंटिया के हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर भाग लेगें। राजवंत कौर ने दूसरी बार प्रधान पद के लिए शपथ ली और रविन्द्र तोमर ने महासचिव के तौर पर तीसरी बार शपथ ली। फोटो परिचय



कुरुक्षेत्र। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का स्वागत करते कुंटिया पदाधिकारी व एक नंबर चुनाव क्षेत्र से ई.सी. सदस्य के रूप में शपथ लेते।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर कुंटिया के पूर्व प्रधान मानसिंह, पूर्व महासचिव यशपाल सैनी, अनिल लोहट, भारत भूषण, पूर्व पार्षद नरेन्द्र वर्मा, पूर्व सह-सचिव रूपेश खन्ना, पूर्व प्रैस सचिव अमित भुक्कल, पूर्व कैशियर अर्जुन सिंह, नरेश चौधरी, रामेश्वर सैनी, नरेश मग्गू, रामकुमार बोहट, पुष्पेन्द्र तोमर, नरेश नरसी, जे.पी., जयपाल सैनी, सतीश शर्मा, राजकुमार ढिगंरा, संत कुमार, कंचन गाबा, वनिता सारसा, सुनीता घमीजा, सरोज, बंसी लाल, रणजीत, रविन्द्र कुमार, सी.पी. नारंग, पिंकी कालडा, कविता, अनुजा, सुरभि, मोनिका, रामकुमार मलिक, सुरेश नैन, सूरज जिंदल, मोहित धनखड़, रोहित आदि माजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**बराड़ा।** रिटर्निंग अधिकारी अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के सभागार में नगर पालिका चुनाव को लेकर अधिकारियों व सैक्टर ऑफिसर की बैठक ली। रिटर्निंग अधिकारी अमित भारद्वाज ने सेक्टर ऑफिसर को कहा कि नगरपालिका में 16 वार्ड बने हैं। इन वार्डों में 20 मतदान केंद्र हैं। 2 मार्च को इन सभी मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर व्यवस्थाएं जांचने के आदेश दिए।

### गंभीरता से करें शिकायतों का हल

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि सभी अधिकारी समाधान शिविर मे अपनी समस्याओं को लेकर आने वाले हर प्रार्थी की समस्याओं को गंभीरता से लें। तत्परता से उनका समाधान करें। नगराधीश सोमवार को डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता कर रहे थे। शिविर में बैठे विभिन्न विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे।गर्ग ने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### आज सुनी जाएगी बिजली की शिकायतें

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर कें अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अम्बाला के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे।अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल ने बताया कि इस दौरान बिजली संबंधित समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया जाएगा।

### कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यशैली से प्रभावित होकर सोमवार काके भाजपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय में चित्रा सरवारा समर्थक गुरपाल माजरा तथा विधानसभा सभा चुनाव निर्दलीय लड़ने वाले प्रत्याशी धर्मेश सूद ने भाजपा का दामन थामा। इसके अलावा वार्ड नंबर 10 से भी चित्रा सरवारा कई समर्थक भाजपा में शामिल हुए।

### महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर व्याख्यान

**अंबाला।** अंबाला शहर स्थित डीएवी कॉलेज (लाहौर) में सोमवार को महर्षि दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव पर एक व्याख्यान का आयोजन इतिहास विभाग की ओर से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के उप- प्राचार्य डॉ. आरएस परमार मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे। डॉ. परमार ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन और डीएवी संस्थानों के उदय के बारे में विचार रखे। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. चांद सिंह ने महर्षि दयानन्द सरस्वती के जीवन वृतांत पर प्रकाश डाला एवं साथ ही 19 वीं सदी में भारतीय पुनर्जागरण में स्वामी दयानंद सरस्वती के अमूल्य योगदान का विस्तार से वर्णन किया।

---

#### प्रचार के अंतिम दौर में भाजपा-कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की जीत में लगा रही जोर

# सियासी जंग हुई रोचक, सांसद का तंज, हार के बावजूद पूर्व मंत्री लगवा रहे उद्घाटन बोर्ड

### पूर्व मंत्री का जवाब, तुम ऐतराज जताते रह जाओगे, हम आगे भी लगवाएंगे उद्घाटन पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नगर निगम के मेयर उपचुनाव में कांग्रेस-भाजपा में मुकाबला रोचक हो गया। दोनों दलों के नेता प्रचा के दौरान एक दूसरे पर खूब सियासी तीर चला रहे हैं। उ्घाटन पत्थरों को लेकर अब अंबाला लोकसभा के सांसद वरुण चौधरी ने भाजपा के पूर्व मंत्री असीम गोयल पर निशाना साधा है।

असीम ने भी सांसद को करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया पर दोनों नेताओं के बयान खूब वायरल हो रहे हैं। चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में शहरी क्षेत्र में सियासी पारा मतदाताओं पर चढ़ने लगा है। अंबाला शहर नगर निगम से कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमीषा चावला के पक्ष में प्रचार करने पहुंचे सांसद वरूण चौधरी ने सोमवार को एक नुक्कड़ सभा में कहा कि पूर्व मंत्री असीम हमारे से साथ विधानसभा में रहे और मंत्री भी बने। उन्होंने पूर्व मंत्री पर तंज कसते हुए कहा कि अब हालात ऐसे बन गए हैं कि पूर्व विधायक अपने नाम के बोर्ड लगवा रहे हैं। जबकि अंबाला शहर के जनप्रतिनिध यानि विधायक कांग्रेस के चौधरी निर्मल सिंह हैं। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में कोई बताए कि कहीं पूर्व विधायक अपने नाम के पत्थर लगवा रहा हो। जनता का अशीर्वाद तो चौधरी निर्मल सिंह को मिला है। मगर अभी तक पूर्व मंत्री इसको नहीं मान रहे। उनकी हार के कोई कारण रहे होंगे। वहां सुधार की आवश्यकता है।



पूर्व मंत्री असीम गोयल। सांसद वरुण चौधरी।


#### सांसद ने कोई काम नहीं किया

सांसद वरुण के तंज पर पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भी प्रचार के दौरान जवाब दिया। उन्होंने कहा कि सांसद ने अपने कार्यकाल में कोई काम नहीं किया। सरकार लोगों के आशीर्वाद से हमारी है। हमें पता है किस प्रकार से विकास करना है। आप एतराज ही करते रहोगा और हम आगे उद्घाटन भी करेंगे। शहर का विकास भी करवाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि मेरी बात उन तक चली गई। पहले न तो एमपी दिखा और न ही एमएलए दिखा। अमीषा चावला को तो मेरा धन्यवाद करना चाहिए क्योंकि उनके चुनाव में ही वह नहीं दिख रहे थे। लोगों को तो क्या ही दिखते। पहली बार इनके एमपी एमएलए ने इनके प्रत्याशी के लिए प्रचार किया है। गोयल ने कहा कि कांग्रेस खुद सिकुड़ती जा रही है। वरुण अपने संगठन की चिंता करें अंबाला की चिंता हम कर लेंगे।

#### मतदाताओं की संख्या केवल 6 हजार बढ़ी

*अंबाला शहर नगर निगम में पिछले चार साल में मतदाताओं की संख्या में महज छह हजार का ही इजाफा हुआ है। प्रशासन की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक नगर निगम में मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 93 हज़ार 260 है। इसमें से 1 लाख 418 पुरुष मतदाता जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 92 हज़ार 823 है। जबकि ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 19 है। चार वर्ष पूर्व दिसंबर 2020 में जब अंबाला नगर निगम के आम चुनाव कराये गए थे तब यहांमतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 87 हज़ार 131 थी। उसमें 97 हजार 739 पुरुष मतदाता जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 89 हज़ार 385 थी। तब 1 लाख 5 हजार मतदाताओ ने मतदान किया था। इस तरह चार वर्षों में अंबाला नगर निगम में मतदाताओ की संख्या केवल 6 हजार 129 ही बढ़ी है। हालांकि इसके विपरीत सोनीपत नगर निगम में भी मेयर का उपचुनाव हो रहा है। वहां चार वर्षों में करीब 44 हज़ार मतदाता बढ़े हैं। अब मतदाताओं की ताजा संख्या चुनाव आयोग की बेवसाइट पर अपलोड़ करने की मांग की गई है।*

---



प्रत्याशियों के प्रचार करते परिवहन मंत्री अनिल विज।

## छावनी नप चुनाव में प्रधान और 32 पार्षद भाजपा के होंगेः परिवहन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला सदर नगर परिषद चुनाव में जीत के लिए अब परिवहन मंत्री अनिल विज भी खूब पसीना बहा रहे हैं। अध्यक्ष पद समेत सभी 32 सदस्य उम्मीदवारों की जीत के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ रहे। सोमवार का प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। अंबाला छावनी की जनता ने मुझे विधायक चुना गया है। अंबाला छावनी नगर परिषद चुनाव में प्रधान और 32 पार्षद भाजपा के होंगे तो ऊपर से नीचे तक योजनाओं का जो करंट है वह ठीक प्रकार से आएगा। यदि बीच में एक भी बैड कंडक्टर लग गया तो करंट नहीं आएगा और एक लट्टू भी नहीं चलेगा। विज ने कहा कि आगामी दो मार्च को नगर परिषद चुनाव होने जा रहे हैं जिसमें आपने अपना कीमती वोट डालकर यह फैसला करना है कि आपकी प्रधान और वार्ड से पार्षद कौन हो। हमने भाजपा के सभी 32 वार्डों से उम्मीदवार और स्वर्ण कौर को प्रधान पद के लिए खड़ा किया है। हमारा एक उम्मीदवार निर्विरोध चुनकर पार्षद बन गया है। हमारा खाता खुल गया व पार्टी का श्रीगणेश हो गया है। नगर परिषद में एक प्रधान और 32 पार्षदों की जरूरत है। उन्होंने कहा जिस प्रकार साइकिल के पहिए में लगभग 33 तारें लगी होती है, यदि एक तरह की सभी तारें होंगी तो साइकिल खूब चलेगी मगर कोई तार गलत लग गई तो साइकिल डूब जाएगी और कदम-कदम पर उसमें लंगर पड़ जाएगा।

---

# शिव शंकर डमरू वाले तुमको लाखों प्रणाम...

- गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा प्राचीन जट्टांवाला शिव मंदिर में /"एक शाम-भोलेनाथ के नाम/" भजन संध्या आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा नावल्टी चौक स्थित प्राचीन जट्टां वाला शिव मंदिर में सांय भजन संध्या /"एक शाम-भोलेनाथ के नाम/" आयोजित की गई। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि समूह के म्यूज़िकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के 10 गायकों ने महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में भगवान शिव के भजनों की प्रस्तुति से समां बांधा। मंदिर के पुजारी पंडित राकेश सेमवाल ने संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़,वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.संजय गौतम,अजीत कुमार शर्मा व सुरेंद्र धीमान सहित मंदिर कमेटी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों से शिवपूजन संपन्न करवाया। तत्पश्चात सर्व धर्म समाज कल्याण सोसाइटी के चेयरमैन राजेंद्र कौशिक ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलित किया जबकि भगवान परशुराम गौशाला खतौली के प्रधान देवीराम शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। इसके पश्चात गुरु,गणेश व सरस्वती वंदना से विधिवत शुरू हुए कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र सिंगर पंडित संयोगानंद ने /"शिव तांडवस्त्रोतम/" .. व /"शंकर संकट हारना/"..,विकास शर्मा ने /"हे भोले शंकर पधारो/"...,मास्टर अंशुल ने शिव विवाह /"शिवजी ब्याहने चले पालकी सजाइके भभूति रमाइके/"...,मनोज वशिष्ठ ने /"मस्त मलंग शिव भोला/"...,अरुण शर्मा पुखराज ने /"शिव शंकर को जिसने पूजा/"...,सुभाष चंद्र वर्मा ने /"जय भोले नाथ जय हो प्रभु/"...,अविनाश शर्मा ने /"भोले ओ भोले/"...,स्नेहलता ने /"शिव शंकर डमरू वाले तुमको लाखों प्रणाम/"...,नेहा अरोड़ा ने /"मन मेरा मंदिर शिव मेरी पूजा/"...और भूमिका ने /"आओ महिमा गाएं भोलेनाथ के भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन भी किया गया। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ.संजय गौतम ने किया। भजनों के पश्चात आरती हुई और आरती के पश्चात भगवान शिव को मिष्ठान और फलों का भोग लगाया गया। पूरा मंदिर परिसर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा। मंदिर कमेटी द्वारा मुख्य यजमान और पदाधिकारियों को भगवान शिव का स्वरूप भेंट किया गया। शिव आरती में जोगेंद्रपाल कौशल,कुलभूषण राणा,तरसेमपाल शर्मा,सुरेश शर्मा, निखिल गौतम,हर्षुल शर्मा,पंकज शर्मा,मयंक शर्मा,मधु शर्मा आदि रहे।



**अंबाला।** स्मृति चिह्न देकर मुख्यअतिथि को सम्मानित करते हुए आयोजक।

---

# स्वर्ण आश्रम में दूसरे चरण का निर्माण कार्य पूरा सात लाख की लागत से कमरा बनकर तैयार

- आश्रम में धन्यवाद अरदास का कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

दुर्गानगर शिवपुरी स्थित स्वर्ण आश्रम में दूसरे चरण का कार्य पूरा होने के बाद सोमवार को 'धन्यवाद अरदास' संपन्न की गई। प्रधान नीरू वढेरा ने बताया कि यहां पर 13 अप्रैल 2024 को अलग-अलग तीन चरणों में कार्य प्रारंभ किया गया था। पहले चरण में लगभग 5 लाख रूपये की लागत से चौकीदार का बड़ा कमरा, रसोई व संस्कार के उपरान्त फूल रखने के कमरे का निर्माण पूरा हुआ था। साथ ही दूसरे चरण का कार्य आरम्भ कर दिया गया था। संस्कार की लक्कड़ रखने के लिए एक बड़े हाल का निर्माण करना था जिसे तकरीबन 7 लाख रूपये की लागत से पूरा करना था। ज्ञात रहे कि यह 40 साल पुराना टीन से बना शैड था जोकि जर्जर हो चुका था। अब इस कार्य को पूरा करके आज जनहित को समर्पित किया गया। इलाके की जनता तथा दानी सज्जनों के सहयोग से स्वर्ग आश्रम में एक के बाद एक कार्य संपन्न किया जा रहा है। वढेरा पिछले 15 वर्षों से निरन्तर स्वर्ग आश्रम में प्रधान के तौर पर शानदार तरीके से सेवा निभा रहे हैं। अब तीसरे चरण में एक अन्य 30-40 वर्ष पुराने टीन शैड की जगह नया बड़ा हाल भी जल्द शुरू किया जाएगा। वढेरा ने दानी सज्जनों तथा अपनी टीम का पूर्ण सहयोग के लिए धन्यवाद किया। इस अवसर पर संस्था के सचिव पंकज शर्मा, कोषाध्यक्ष बॉबी मेहंदीरत्ता, हन्नी , सिकंदर कुमार आदि रहे।



धन्यवाद अरदास के दौरान मौजूद गणमान्य लोग।

---

# नौरंगराय तालाब की सफाई का काम प्रारंभ, साफ की जा रही हवन सामग्री

- घग्गर नदी में सामग्री को बहाने की योजना, निगम की ओर से वाहन उपलब्ध करवाने का किया आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

एक्का सोशल वेलफेयर फांउडेशन की ओर से नौरंगराय तालाब की सफाई का कार्य शुरू किया गया। यह मुहिम 2 मार्च 2025 तक चलाई जाएगी। इस मुहिम में संगठन के द्वारा लगभग 30-35 कट्टों में यहां पड़ी हवन सामग्री को इक्ट्ठा किया गया। ज्वाइंट कमिश्नर के निर्देश पर कार्यकारी अभियंता-2 से संपर्क साध कर यह निवेदन किया गया कि जो साम्रगी नौरंगराय तालाब से एकत्रित की गई है उसे घग्घर नदी में जल प्रवाह करवाने के लिए हमें वाहन उपलब्ध करवाया जाए। पूर्व में भी 30-35 कट्टों में हवन सामग्री को भर कर जल प्रवाह किया गया है। इस मौके पर वार्ड नंबर 10 के निगम सदस्य मिथुन वर्मा भी मौजूद रहे।



नौरंगराय तालाब के पास फैसल हवन सामग्री इकट्ठा करते हुए संस्था के सदस्य।

---

# शहीदी स्मारक के उद्घाटन की तिथि तय

- सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने किया मुआयना, 10 मई को हो सकता है स्मारक का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने सोमवार को अंबाला दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर 22 एकड़ में बनाए जा रहें 1857 आजादी की पहली लड़ाई के शहीदी स्मारक में चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इससे पहले उन्होंने निर्माण कार्यों को लेकर एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ भी मीटिंग की। उन्हें कहा कि 10 मई 2025 को शहीदी स्मारक के उद्घाटन की अनुमानित तारीख को ध्यान में रखते हुए सिविल वर्क, आर्ट एवं एक्सीबीट व अन्य कार्यों को जल्द पूरा करें। इस मौके पर उनके साथ सूचना, जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडूरंग, उपायुक्त अजय सिंह तोमर व शहीदी स्मारक के निदेशक डॉ. कुलदीप सैनी मौजूद रहे। आयुक्त ने बैठक के दौरान एजेंडे में रखे सभी बिदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी से कहा कि शहीदी स्मारक मे किए जा रहे कार्यों के लिए रिवर्स चार्ट तैयार करें ताकि कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जा सके। उन्होंने कहा कि शहीदी स्मारक के अन्दर 1857 की क्रांति से जुड़ी घटनाओं को भी शार्ट फिल्मों में भी दर्शाया जाएगा। इसके लिए एजेंसी के प्रतिनिधि 15 मार्च तक कम से कम 25 फिल्मों के रफ कट दिखाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि म्यूजियम के अंदर 1857 की क्रांति से जुड़ी जो पैनल लगाए जाने हैं।

#### दो महीने में पूरा करना होगा काम



**अंबाला।** 12वीं मंजिल से शहीदी स्मारक का अवलोकन करते आयुक्त एवं सचिव डॉ .अमित अग्रवाल व अन्य अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

---

## बीसीए की छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनि में तृतीय स्थान हासिल किया



**अंबाला।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीसीए की कशिश व कनिका ने राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में तीसरा स्थान हासिल किया। महा विद्यालय के प्राचार्य डॉ अजीत सिंह ने कंप्यूटर साइंस विभाग के हेड ऑफ द डिपार्टमेंट डॉ. आशीष जॉली व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. पूनम धीमान को बधाई दी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ देसराज बाजवा जी ने ट्रॉफी देकर छात्राओं को सम्मानित किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों का टॉपिक नेक्स्ट जैन फार्मिंग रहा जिसमें विजेताओं ने आईओटी व ए आई बेस्ड प्रदर्शनी प्रस्तुत की ।मौके पर प्रो अशोक, कर्मजीत,मनीषा , डिम्पल व शक्ति मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

**कार्यक्रम** अनपूर्णा कैंटीन में बने खाने को खुद चखकर परखी गुणवत्ता

# डीसी ने नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

- मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली, चिकित्सकों को जरूरी निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अंबाला शहर स्थित नागरिक अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मरीजों को उपलब्ध करवाई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की भी जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने जन औषधि केंद्र में जाकर दवाईयों की उपलब्धता के बारे में भी जाना। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अस्पताल में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की। सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल ने उपायुक्त को बताया कि नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन मरीजों की ओपीडी 2000 से 2500 के बीच में है। यहां पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान उन्हें सभी व्यवस्थाएं बेहतर मिली है। यहां पर 200 बैड का अस्पताल है। दवाईयां भी पर्याप्त मात्रा में हैं। डॉक्टर की संख्या भी पर्याप्त हैं। मरीजों को और बेहतर सुविधा मिले, इसके लिए यही पर नजदीक 100 बैड का नया अस्पताल बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। इसी वर्ष इस अस्पताल को ऑपेरशनल करके मरीजों को यह सुविधा भी मिल सकेंगी। उन्होंने अन्नपूर्णा कैंटीन में मरीजों के लिए तैयार किए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता को भी जांचा। इस मौके पर पीएमओ पूनम चौधरी, डॉ. पवनीश अग्रवाल, डॉ. राहुल सिंह, डॉ विपिन भंडारी, डॉ. विजय वर्मा, आरएमओ डॉ. अदिति के साथ-साथ अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।



**अंबाला।** अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों से बातचीत करते डीसी अजय सिंह तोमर। *फोटो : हरिभूमि*

#### स्टेडियम का भी किया मुआयना

*उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अंबाला शहर सेक्टर 10 स्थित खेल स्टेडियम का भी मुआयना किया। उन्होंने यहां पर खिलाड़ियों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं सुविधाओं की भी जानकारी ली। मौके पर उनके साथ डीएसओ राजबीर मौजूद रहे। उपायुक्त ने निर्माणाधीन स्वीमिंग पूल का भी जायजा लिया। बैडमिंटन हॉल में जाकर खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में पूछा। जांच के दौरान डीसी ने अधिकारियों को यहां स्वीमिंग पूल का निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर करवाने के आदेश दिए।*